राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

फोन नं: 0141–2705498, 5110377 वेबसाईट :–www.rajsmsa.nic.in फैक्स नं: 0141–2701822

क्रमांक : रा.स्कू.शि.प./जय/संस्था–1/सामान्य/2018/12270 दिनांक :–20/2/19

पूरक आवश्यक निर्देश

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर द्वारा राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों के विभिन्न पदों के साक्षात्कार हेतु विज्ञप्ति क्रमांक 12172 दिनांक 18.02.2019 राज्य के दैनिक पत्रिकाओं में दिनांक 19.02.2019 को प्रकाशित विज्ञप्ति के संदर्भ में पूरक निर्देश :–

1. अभ्यर्थी द्वारा शाला दर्पण पर आवेदन करते समय ओटीपी शाला दर्पण पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर ही जायेगा।
2. राजस्थान सरकार के अधीन शिक्षा विभाग के ऐसे कार्यालय जो शाला दर्पण पर पंजीकृत नहीं है, उन कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के आवेदन पत्र साक्षात्कार के दिनांक प्रातः 9:00 बजे साक्षात्कार स्थल पर पंजीकृत होंगे। कार्मिक को कार्यालय में कार्यरत होने का प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा। (आवेदन पत्र साक्षात्कार स्थल पर ही उपलब्ध होगा)
3. आवेदन पत्र की जॉच/पुष्टि हेतु मूल दस्तावेज एवं उनकी एक फोटो प्रति साथ लावे।
4. आवेदन पत्र में अथवा उनके साथ संलग्न प्रमाण पत्रों में से किसी भी प्रमाण पत्र में किसी भी सूचना के गलत पाए जाने पर अभ्यर्थी का चयन किसी भी समय निरस्त कर उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।
5. किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार जयपुर जिले के न्यायिक क्षेत्र में होगा।
6. साक्षात्कार के दिनांक अभ्यर्थी की दो वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए अर्थात सेवानिवृति में दो वर्ष का समय बाकी होनी चाहिए।
7. साक्षात्कार के लिए आने वाले अभ्यार्थियों को समग्र शिक्षा अभियान के राज्य कार्यालय/जिला कार्यालय/ब्लॉक कार्यालय की तरफ से किसी प्रकार का यात्रा व दैनिक भत्ता/उपस्थिति प्रमाण–पत्र देय नहीं होगा।
8. अभ्यर्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है।

www.rajteachers.com

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त